Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-05-2006

Participants : Patel Shri Dinsha

an>

Title : Statement regarding status of implementation of recommendations contained in the 6th Report of the Standing Committee on Petroleum and Natural Gas on 'Pricing of Petroleum Products' 2004-05.

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल) :महोदय, माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के निर्देश 73 क के अनुसरण में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संबंधी स्थायी समिति (14वीं लोक सभा) की छठी रिपोर्ट में उल्लिखित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में मैं यह वक्तव्य श्री मुरली देवड़ा की ओर से सभा पटल पर रखता हूं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संबंधी स्थायी समिति (14वीं लोक सभा) की छठी रिपोर्ट लोक सभा को दिनांक 4.8.2005 को प्रस्तुत की गई थी। यह रिपोर्ट वर्ा 2004-05 के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के "पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य निर्धारण" के विाय से संबंधित है।

समिति की रिपोर्ट में उल्लिखित सिफारिशों/मतों पर कृत कार्रवाई टिप्पणियां पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संबंधी स्थायी समिति को 19.1.2006 को भेजी गई थी।

उक्त रिपोर्ट में समिति द्वारा 15 सिफारिशें की गई हैं जिनमें सरकार द्वारा कार्रवाई अपेक्षित है। ये सिफारिशें मुख्य रूप से घरेलू कच्चे तेल के मूल्य, क्रूड आयात, उपकर और रायल्टी के उद्ग्रहण, पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्यों के नियतन, शोधन की लागत और रिफाइनरी लाभ, उत्पादों पर उत्पाद शुल्क, उत्पादों पर उद्ग्रहीत कर और शुल्क, घरेलू एलपीजी और मिट्टी तेल पर राजसहायता की योजना जैसे मुद्दों से संबंधित हैं।

समिति द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति मेरे वक्तव्य के अनुबंध में वर्णित है जो सदन के पटल पर रख दिया गया है। मैं अनुरोध करूंगा कि इसे पढ़ लिया गया समझा जाए।

---

* Laid on the Table and also placed in Library. See No. LT 4377/2006